प्रमंडल स्तर के इन अनुश्रवण कार्यक्रमों में बाल अधिकार से जुड़े विभिन्न मुद्‍दों, व्यवस्था, संचालित गृहों, किशोर न्याय परिषद, बाल कल्याण समिति, विशेष किशोर पुलिस इकाई, जिला बाल संरक्षण इकाई के क्रियाकलापों, संचालित योजनओं यथा परवरिश इत्यादि की भी समीक्षा की गई। पटना प्रमंडल से शुरू होकर इन अनुश्रवण कार्यक्रमों को अन्य प्रमंडलों में ले जाया गया। ये कार्यक्रम जहाँ भी आयोजित हुए वहाँ अवस्थित विभिन्न गृहों का भी उच्च न्यायालय अनुश्रवण समिति एवं आयोग द्वारा गहनता से किये गये तथा अधिकारियों को आवश्यक निदेश जारी किये गये।

अनुश्रवण कार्यक्रम के दौरान समाज कल्याण विभाग के निदेशक तथा विशेष किशोर पुलिस इकाई के

राज्य नोडल पदाधिकारी, अनुसंधान विभाग के पदाधिकारी श्री अरविंद पांडेय की मौदूदगी में उनके अधिकारियों के साथ बाल अधिकार पर चर्चा की गई। समाज कल्याण विभाग के सचिव, श्री अरविंद कुमार चौधरी की कई एक स्थानों पर उपस्थिति भी रही। इन कार्यक्रमों में पुलिस, न्याय एवं सामान्य प्रशासन से जुड़े पदाधिकारियों ने बाल अधिकारों से जुड़े मुद्‌दों की यथास्थिति को रखा। माननीय न्यायमूर्त्ति एवं अध्यक्ष, बाल अधिकार संरक्षण आयोग के समक्ष रखा, उनके निदेशों को ध्यान से सुना तथा भविष्य में उसके पूर्ण परिपालन करने पर सहमति जतायी।

माननीय उच्च न्यायालय समिति एवं आयोग द्वारा किशोर न्याय परिषद एवं बाल कल्याण समिति के कार्यों की भी समीक्षा की गई। उच्च न्यायालय एवं आयोग द्वारा एक स्पष्ट दिशा–निर्देश भी जारी किया गया तथा दत्तक ग्रहण एवं परवरिश के संबंध में और भी प्रयत्न करने की आवश्यकता पर बल दिया गया। इन कार्यक्रमों में खोये हुए बच्चे के संबध में संबंधित वेबसाइट तथा माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा जारी निदेशों पर भी गहन चर्चा की गई एवं आवश्यक निदेश दिये गये।

आयोग द्वारा इस प्रकार के अनुश्रवण कार्यक्रमों को प्रत्येक छः माह पर आयोजित करने के संबंध में भी विचार किया गया तथा उसे क्रियान्वित करने के प्रयासरत रहने पर बल दिया गया। प्रतिभागियों एवं अधिकारियों ने भी इस प्रकार के कार्यक्रमों की आवश्यकता तथा समयबद्ध रूप से उसे आयोजित करने के संबंध में अपनी सहमति जतायी। उनका मानना था कि इन कार्यक्रमों के आयोजित होने से न सिर्फ बाल अधिकार विषय को बढ़ावा मिलेगा बल्कि इस विषय की गंभीरता को लोग खास तौर पर अधिकारीगण समझ पाएगें तथा बच्चों को ससमय उनका अधिकार मिल पाएगा। प्रमंडल एवं जिलों के स्तर पर आम जन भी इस विषय से परिचित हो पायेंगे एवं बच्चों के अधिकार दिलाने में अपनी भूमिका अदा कर पायेंगें।

बच्चों का अधिकार पंचायत के द्वार तक

एक नवीन क्रांति का आगाज़

बच्चों के अधिकार पर आयोजित संयुक्त राष्ट्र अधिवेशन,1989 के बाद विश्व के अनेक देशों में न सिर्फ कानून एवं योजनाएं बनी, बल्कि इन विषयों पर जागरूकता के लिए भी भरसक प्रयत्न किए गए। भारत के अनेक राज्यों ने भी इस संबंध में सार्थक प्रयास किए। इसमें दो मत नहीं कि जागरूकत की सर्वाधिक आवश्यकता ग्रामीण क्षेत्रों एवं वहाँ के निवासियों को होती है, खास तौर पर बच्चों एवं महिलाओं को। उनके लिए बनने वाली योजनाएं बड़े समूहों तक नहीं पहुँच पाती हैं। इसी समस्या के निराकरण के प्रयास के तौर पर बिहार विधिक सेवा प्राधिकार के तत्कालिक अध्यक्ष माननीय श्री वी० एन० सिन्हा (अवकाश प्राप्त)द्वारा एक जागरूकता अभियान की शुरूआत करने का पहल किया गया। इस अभियान की रूपरेखा इस प्रकार तैयार की गई कि इसमें समाज के विभिन्न वर्गो के प्रतिनिधि या संबंधित अधिकारी/कार्यकर्त्ता को जोड़ कर पंचायत के स्तर पर जागरूकता फैलाने की योजना समाहित की गई।

विधिक सेवा एवं सहायता समाज के एक बड़े तबके को प्रदान किया जाता है, जिसमें बच्चे भी शामिल हैं। यद्धपि यह विडंबना है कि बच्चे, उनके माता–पिता, अभिभावक एवं संबंधित पदाधिकारी जो बच्चे के विकास एवं संरक्षण कार्यो से जुड़े है, बहुत से प्रावधानों एवं योजनाओं से अनभिज्ञ है। उन सबों को जागरूक एवं संवेदनशील करने के लिए इस जागरूकता अभियान की शुरूआत की गई। इसमें विधिक सेवा प्राधिकार के साथ पंचायती राज, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग एवं अन्य आयोग तथा यूनीसेफ के प्रतिनिधिओं ने अहम भूमिका निभाई। सरकार के विभिन्न विभाग एवं उसके पदाधिकारीगण जिले स्तर पर बढ़–चढ़ कर हिस्सा लिया। बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग का प्रतिनिधित्व अध्यक्ष श्रीमती निशा झा ने किया तथा विधिक सेवा के साथ सर्वाधिक जिलों का भ्रमण किया। यूनीसेफ की ओर से श्री अजय कुमार जो बाल अधिकार संरक्षण आयोग के परामर्शी भी हैं, ने हिस्सा लिया। जागरूकता के संबंध में यह अपने आप में एक अनूठा कार्यक्रम रहा।

यह अभियान वर्ष 2015 में दिनांक–26.05.2015 से 27.09.2015 तक माननीय कार्यकारी अध्यक्ष, बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार न्यायमूर्ति श्री वी0 एन0 सिन्हा के नेतृत्व में विधिक जागरूकता अभियान प्रदेश के तीस जिला विधिक सेवा प्राधिकार क्रमशः बेगूसराय, भागलपुर, मुंगेर, जमुई, लखीसराय, मधुबनी, सुपौल, मधेपुरा, सहरसा, गया, वैशाली, जहानाबाद, नालन्दा, भोजपुर, दरभंगा, मुजफ्फरपुर, मोतिहारी, बेतिया, समस्तीपुर, खगड़िया, नवादा, शेखपुरा, छपरा, भभुआ, औरंगाबाद, बाँका, कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज एवं अररिया में आयोजित किया गया।

इस जागरूकता शिविर में विधिक सेवा प्राधिकार अधिनियम, मध्यस्थता से लाभ, बिहार पीड़ित प्रतिकर स्कीम, 2014, बच्चों से संबंधित कानून, बाल अधिकार, पंचायत की भूमिका,परवरिश तथा अन्य योजनाओं पर भी प्रकाश डाला गया, जिससे उपस्थित लोग लाभान्वित हो सके।

उक्त जागरूकता अभियान में माननीय कार्यकारी अध्यक्ष,बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार न्यायमूर्ति श्री वी0 एन0 सिन्हा, बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के पदाधिकारीगण, पंचायती राज विभाग के प्रतिनिधि, समाज कल्याण विभाग, महिला विकास निगम तथा अन्य विभाग के प्रतिनिधिगण के साथ–साथ अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा भी 28 विधिक जागरूकता कार्यक्रम में भाग लिया गया। चुनाव आचार संहिता लागू हो जाने के कारण दिनांक–12.09.2015 से 27.09.2015 तक के कार्यक्रम यथा भभुआ, औरंगाबाद,बाँका, कटिहार, पूर्णिया, किशनगंज एवं अररिया में अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा भाग नहीं लिया जा सका।

शिविर में विभिन्न विभाग के प्रतिधिनियों द्वारा अपने–अपने विभाग से संचालित होने वाली योजनाओं पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित समुदाय को यह बताया गया कि उक्त योजनाओं के पात्र कौन है, उन्हें योजना से क्या लाभ मिल सकता है, आवेदक को किस पदाधिकारी से सम्पर्क करना है इत्यादि। उपस्थित एन0जी0 ओ0 द्वारा भी उनके कार्यों व कार्यशैली पर प्रकाश डाला गया।

अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा प्रत्येक जागरूकता शिविर में आयोग के गठन का

उद्देश्य, आयोग के क्षेत्राधिकार व आयोग के कार्यशैली पर प्रकाश डाला गया। बाल अधिकार, जो 0 से 18 वर्ष तक के आयु के बच्चों को प्राप्त है के संबंध में विस्तृत चर्चा की गयी। पोक्सो एक्ट के अन्तर्गत विभिन्न प्रावधानों पर प्रकाश डाला गया व बच्चों को प्रदत्त शिक्षा का अधिकार पर विशेष बल दिया गया।

इसी तरह बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के प्रतिनिधि/अधिकारियों द्वारा प्राधिकार के अन्तर्गत संचालिस योजनाओं,कार्यशैली व संगठन के स्वरूप पर चर्चा की गयी। धारा 12 विधिक सेवा प्राधिकार अधिनियम के अन्तर्गत यह जानकारी दी गयी कि किसी भी व्यक्ति का चाहे उसकी जाति, लिंग, उम्र, आमदनी कुछ भी हो, यदि उसके विधिक अधिकारों का उल्लंघन होता है तो उसके अधिकारों को पुर्नस्थापित कराया जाएगा। अन्य विषयों के साथ–साथ दहेज प्रताड़ना अधिनियम, पोस्को अधिनियम, काराधीन व्यक्ति के अधिकार, बालकों के अधिकार पर लोगों को जागरूक करने का भरसक प्रयास किया गया।

माननीय कार्यकारी अध्यक्ष महोदय द्वारा विभिन्न योजनाओं पर लोगों का ध्यान आकृष्ट करते हुए इस बात पर विशेष बल दिया गया कि यदि एक माँ का गर्भ अवस्था के दौरान देख–भाल व चिकित्सा समुचित ढ़ग से की जाए तो वह एक स्वस्थ्य बच्चे को जन्म देगी। यदि उस स्वस्थ्य बच्चे को 5 वर्ष आयु तक उचित पोषण दी जाए तो वह एक स्वस्थ्य बालक होगा तथा यदि उसे 18 वर्ष आयु तक पोषण के साथ उचित शिक्षा दी जाए तो भविष्य में व अच्छा नागरिक बनेगा तथा उसमें अपराध के प्रति अरूचि होगी। इससे हमारा समाज विकसित होगा इस बात पर बल दिया गया कि विभिन्न योजनाओं का लाभ जागरूकता के अभाव में लोगों तक नहीं पहुँच पाता है। जागरूकता फैलाने व कमजोर वर्ग की सहायता का विशेष दायित्व समाज के समृद्ध व शिक्षित वर्ग का है।

स्व–सशक्तिकरण एवं क्षमतावर्द्धन

आयोग की अध्यक्ष/सदस्यों एवं पदाधिकारियों का क्षमता विकास कार्यक्रम संबंधी प्रशिक्षण का आयोजन 'Centre for Child and Law (C.C.L) of National Law School of India University, Bangaluru' के सहयोग से किया गया। प्रशिक्षण की अवधि दिनांक–14.4.15 से दिनांक–19.4.15 तक National Law School of India University, Bangaluru में निर्धारित की गई थी।

Name of Participants:- (प्रतिभागी का नाम)

1. अध्यक्ष, श्रीमती निशा झा
2. सदस्य, श्रीमती अपर्णा सिंह
3. सदस्य, श्रीमती ललिता जायसवाल
4. सदस्य, श्री अरूण कुमार वर्मा
5. सदस्य, श्री सत्येन्द्र मांझी
6. प्रशासी पदा0, श्रीमती संगीता कुमारी
7. बाल संरक्षण पदा0, श्रीमती रचना सिन्हा
8. श्री अजय कुमार, राज्य विधिक समन्वयक, किशोर न्याय व्यवस्था,यूनीसेफ एवं परामर्शी,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,बिहार,पटना।

उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम यूनिसेफ के सहयोग से किया गया था। यूनिसेफ के राज्य विधि समन्वयक एवं परामर्शी बिहार बाल अधिकार आयोग श्री अजय कुमार के साथ अध्यक्ष सहित आयोग के सदस्यों एवं पदाधिकारियों की एक टीम क्षमतावर्धक बैंगलूरू गई। इस क्षमतावर्धक कार्यक्रम NLSIU के समन्वयक एवं रिसोर्स पर्शन द्वारा किया गया, जिसमें Ms. Arlene Manoharan की देख–रेख में प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न किया गया।

आयोग के सुचारू एवं प्रभावी क्रियान्वयन के लिए सदस्यों एवं पदाधिकारियों को बाल अधिकार विधियों एवं कार्यक्रमों तथा बाल अधिकार संरक्षण आयोग अधिनियम एवं बिहार नियमावली पर प्रशिक्षित करने एवं क्षमता विकास के उद्देश्य से विभिन्न अधिनियमों पर यथा CPCR Act, शिक्षा के अधिकार अधिनियम J.J Act, POCSO Act से संबंधित विषयों पर विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया।

बदलते वक्त एवं परिस्थिति के साथ कानून में भी परिवर्तन अवश्यमभावी होता है। कानून में होने वाले बदलाव के अनुरूप माननीय न्यायालयों के द्वारा पारित आदेश एवं उसको लागू करने की स्थिति तथा जिम्मेदारियाँ भी बलती रहती है। स्वाभाविक तौर पर प्रत्येक्ष या परोक्ष रूप से जुड़े सभी संस्थाओं/ व्यक्तियों एवं एजेंसियों की



भूमिका एवं जिम्मेदारी भी अपना रूप परिवर्तित करती है। उन बदली हुई परिस्थितियों एवं जिम्मेदारियों को प्रशिक्षण एवं क्षमतावर्द्धन कार्यक्रमों के माध्यम से स्वशक्तिकरण किया जाता है।

बच्चे एवं उनके अधिकारों के विषय में यह आसानी से कह जा सकता है कि हमारी जानकारी एवं कार्य करने के तरीके अभी उस स्तर पर नहीं पहुँच पाये है जिसकी कानून अपेक्षा करता है। सदस्यों का चुनाव विभिन्न कार्य समूह से किया जाता है। दूसरे शब्दों में अलग–अलग कार्यों में लिप्त व्यक्तियों को सदस्य के तौर पर चुना जाता है। यह भी सत्य है कि हमारी परवरिश एक ऐसे न्याय व्यवस्था में हुई जिसका मूल आधार दण्डात्मक है। जबकि बच्चों के लिए एक अलग ''सुधारात्मक'' न्याय व्यवस्था की अवधारणा पर आधारित है। इन नये प्रयोगों को समझने एवं उसे क्रियात्मक रूप देने के उद्देश्य स प्रशिक्षण कार्यक्रम के आयोजन का आयोग द्वारा फैसला लिया गया।

कानून प्रवर्तन एजेंसियों, आई0 सी0 पी0 एस0, आई0 सी0 डी0 एस0 एवं बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग के पदाधिकारी को महिलाओं एवं बच्चों की तस्करी की रोकथाम विषयक सुग्रहयता प्रशिक्षण हेतु दिनांक–01.07.2015 से 03.07.2015 तक श्रीमती रचना सिन्हा,बाल संरक्षण पदाधिकारी, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग का राष्ट्रीय जन सहयोग एवं बाल विकास संस्थान, लखनऊ में प्रशिक्षण दिया गया/ बच्चों की तस्करी के सम्भावित कारणों एवं रोकथाम आदि पर क्षमता विकास के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यशालाओं/सेमिनार/बैठकों में भागीदारी

क्र0 सं0	दिनांक	बैठक	प्रतिभागी/संस्था का नाम
01	14.03.2014 एवं 15.03.14	Standareds of Care and Mental Health पर अर्न्तराष्ट्रीय सेमिनार	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना/Amity University Campus, Noida
02	21.03.2014	अधीक्षक पर्यवेक्षण गृह,पटना के साथ बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष की बैठक	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।
03	21.05.2014	विभिन्न राज्यों के बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष की बैठक	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना/India Habitat Centre, New Delhi
04	06.06.2014	आयोग की बोर्ड की बैठक	माननीय अध्यक्ष, सदस्यगण,सचिव एवं पदाधिकारीगण।
05	24.06.2014	Eastern Regional level Round Table conference on "extend social Protection Combat child Labour Gwahati.	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।
06	25.06.2014	Encephalitis Monitoring Muzaffarpur.	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।
07	07.07.2014	मानव तस्करी रोकने के लिए–होटल चाणक्य	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।
08	02.08.2014	आयोग की सामान्य बैठक	माननीय अध्यक्ष,सदस्यगण,सचिव।
09	20.09.2014	Workshop on Child Protection to Community leaders at Nav jyoti Niketan Kurji,Patna.	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।
10	23.09.2014	National Convention on Inclusive Education of children with special Needs, Vigyan Bhawan, New Delhi.	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।
11	22.11.2014	Identification & replication of Best practices in wash sector's of Bihar.	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।
12	07.12.2014	मिथिलांचल कला,संस्कृति और विकास दशा पर एक दिवसीय राष्ट्रीय सेमिनार	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।
13	11.12.2014	बाल अधिकार संरक्षण के संबंध में बैठक	माननीय अध्यक्ष, प्रधान सचिव, पंचायती राज विभाग,बिहार,पटना।
14	13.12.2014	Graduation Day function in N.D.A Patna	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।
15	15.12.2014	रेनबोहोम में बच्चों के जन्म दिन में भाग लेने से संबंधित	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।
16	19.12.2014	आयोग की बोर्ड की बैठक	माननीय अध्यक्ष,सदस्यगण,सचिव एवं पदाधिकारीगण।





17	26.12.2014	बाल श्रम एवं बाल अधिकार मुद्दे पर कार्य करने वाली संस्थाओं के बीच परिसंवाद।	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।
18	21.01.2015	पर्यवेक्षण गृह, पटना में हुई बच्चे की दुखद घटना के संबंध में बैठक।	अध्यक्ष,सचिव, समाज कल्याण विभाग,पटना।
19	30.01.2015	To examine the State of Affairs of observation. Participants- Secretary, Social welfare, Director, Additional Director general of Police.	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।
20	30.01.2015	माननीय उच्च न्यायालय,पटना की जुवेनाइल जस्टिस अनुश्रवण समिति की बैठक में जिला बाल संरक्षण समिति (DCPU) के विभिन्न Stake Holders.	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।
21	15.02.2015	Divisional Level meetion (Patna) on child protection convened by Hon'ble Patna High Court J.J Monitoring Committee.	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।
22	18.02.2015	मुजफ्फरपुर में इंसफेलाइटिस से प्रभावित क्षेत्रों की अद्यतन स्थिति से संबंधित समीक्षात्मक बैठक।	स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग,बाल संरक्षण ईकाइ एवं सभी वाई आयुक्त, नगर निगम, मुजफ्फरपुर।
23	20.02.2015	देह व्यापर में संलिप्त परिवार के बच्चों को मुख्य धारा एवं सम्मान जीवन प्रदान करने से संबंधित सेमिनार आयोजन के संबंध में बैठक।	पदाधिकारी, समाज कल्याण निदेशालय के साथ।
24	24.2.2015	Gender Equality & Early & forced Marriage.	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।
25	20.03.2015	''बेटी बचाओं–बेटी पढ़ाओं'' Museum सभागार	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।
26	24.03.2015	Implementation of SOP for Railways to ensure care & Protection of children in contact with Railways in Guwahati (Assam).	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।
27	25.03.2015	आयोग की बोर्ड की बैठक	अध्यक्ष,सदस्यगण,सचिव एवं पदाधिकारीगण।
28	03.04.2015	Commemoration of Child Protection day in Assam.	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।
29	10.04.2015	सदस्यों से संबंधित कार्य योजना पर बैठक।	अध्यक्ष,सदस्य, उप सचिव।
30	10.04.2015	शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत नामांकन से संबंधित बैठक।	अध्यक्ष,जिला शिक्षा पदाधिकारी,पटना।
31	10.04.2015	वार्षिक कार्य योजना से संबंधित बैठक।	अध्यक्ष, सभी सदस्यगण एवं पदाधिकारी।
32	12.04.2015	दरभंगा जिले में जुवेनाइल जस्टिस अनुश्रवण समिति प्रमंडल की बैठक–दरभंगा।	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।

33	11.05.2015	State level task force for Missing Children in Gujarat.	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।
34	16.05.2015	BSLSA Legal awareness amongst weaker section as described in Section 12 of Legal Services Authorities Act.	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।
35	17.06.2015	प्रमंडल तिरहुत विधिक प्राधिकार सहायता कार्यशाला कोशी / सारण	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।
36	03.07.2015	मध्याहन् भोजन योजना से संबंधित बैठक	अध्यक्ष, सहायक निदेशक, विशेष कार्य पदाधिकारी, उप निदेशक, मध्याहन भोजन योजना।
37	03.09.2015	शिकायत निवारण RTE, Hotel Patliputra.	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।
38	24.09.2015	आयोग की बैठक।	अध्यक्ष, सचिव, सदस्यगण एवं पदाधिकारीगण।
39	24.12.2015	सेमिनार आयोजन हेतु बैठक।	अध्यक्ष एवं सदस्यगण।
40	14.01.2016	National Conference on Implementation of POCSO Act,2012.	श्री अरूण कुमार वर्मा, सदस्य,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग / जकरण्डा हॉल,इंडिया हेबिटाट सेन्टर, दिल्ली।
41	25.01.2016	सेमिनार संबंधित कार्य पर परिचर्चा हेतु बैठक	अध्यक्ष, सदस्यगण, सचिव एवं पदाधिकारीगण।
42	28.01.2016 से 30.01.2016	Conclave on Gender Equality and Child Rights.	श्री अरूण कुमार वर्मा, सदस्य,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग / LBSNNA, मंसूरी।
43	14.02.2016	One Day State level Consultation Programme in the Premises of Bihar State legal Services Authority Social Protection For Children & adolescents infected & affected with HIV.	माननीय अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग,पटना।
44	04.03.2016	प्लान इंडिया के साथ सेमिनार आयोजन से संबंधित बैठक।	माननीय अध्यक्ष,सदस्यगण, सचिव एवं पदाधिकारीगण।
45	15.03.2016	पुलिस महानिरीक्षक (कारा) के साथ बैठक	निरीक्षणालय, गृह,विभाग,बिहार,पटना।
46	19.03.2016	One day Regional Consultation on New Education Policy.	माननीय0 अध्यक्ष,बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग / बी0 एन0 आर0 होटल,राँची।
47	04.04.2016 से 05.04.2016	Review cum Deliberation Meeting on Devising Pathways for Re-Engagement of out of School Children.	माननीय अध्यक्ष एवं सदस्य, श्री हाजी अब्दुस्स सत्तार, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग / Constitution Club of India, New Delhi.
48	08.04.2016	यूनिसेफ के साथ बैठक।	माननीय अध्यक्ष,सदस्यगण,सचिव, प्रतिनिधि यूनिसेफ।
49	11.04.2016	पर्यवेक्षण गृह / बाल गृह से बच्चे भाग जाने के संबंध में बैठक।	मा0अध्यक्ष,सदस्यगण, निदेशक एवं उप निदेशक, समाज कल्याण निदेशालय, बाल संरक्षण पदाधिकारी, सहरसा एवं भोजपुर।

सेमिनार में भागीदारी

लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय प्रशासन अकादमी (LBSNAA), मंसूरी में दिनांक–28.01.2016 से दिनांक–30.01.2016 तक 'Gender Equality & Child Rights, Sharing Knowledge & Developing an Agenda for Action' पर आयोजित Conclave में बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग का प्रतिनिधित्व आयोग के सदस्य, श्री अरूण कुमार वर्मा द्वारा किया गया। सेमिनार में बच्चों एवं महिलाओं के अधिकार, उनकी सुरक्षा एवं संरक्षण तथा उन पर हो रहे विभिन्न हिंसात्मक घटनाओं से संबंधित विस्तृत चर्चा की गयी व विचार व्यक्त किए गये।

सेमिनार का शुभारंभ LBSNAA के निदेशक डॉ० राजीव कपूर द्वारा करते हुए इसका संचालन भारतीय प्रशासनिक सेवा की श्रीमती रोली सिंह द्वारा की गयी। भारत, मालद्वीप एवं भूटान का प्रतिनिधित्व करने वाले संयुक्त राष्ट्र के Women Office के प्रतिनिधि, डॉ० Rebecca Tavares एवं श्रीमती सरोजनी गंजू ठाकूर (आई0 ए0 एस0) द्वारा राष्ट्रीय संदर्भ में Gender Equality किस प्रकार विकास की ओर है, इस परिपेक्ष्य में विस्तृत चर्चा की गयी।

Advancing Child Rights के संबंध में यूनीसेफ के भारतीय प्रतिनिधि श्री Louis Georges Arsenault तथा Child Rights Activist, श्रीमती नीना नायक द्वारा विस्तृत रूप से चर्चा की गयी। सेमिनार के दूसरे दिन, दिनांक–29.01.2016 को Learning from good Practices सत्र की अध्यक्षता हरियाणा सरकार के Additional Chief Secretary, श्री धीरा खांडेलवाल द्वारा किया गया। महिला सामख्या, सिख न्यू केयर बर्न यूनिट तथा बांगलादेश में हो रहे बच्चों एवं महिलाओं की सुरक्षा एवं अधिकार से संबंधित जानकारियाँ भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के Deputy Commissioner,



Dr. P.K Prabhakar, Smt. Kameshwari Jandhyala तथा डॉ० बिनायक सेन द्वारा दी गयी। बच्चों और महिलाओं के तस्करी जैसे ज्वलंत मुद्दों पर डॉ० ओ0 पी0 नायर (आई0 पी0 एस0, से0 नि0) तथा कुदुम्ब श्री द्वारा एवं विश्व स्तर पर महिलाओं एवं बच्चों के सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर भारत सरकार के पंचायती राज मंत्रालय के संयुक्त सचिव, श्रीतती शारदा मुरलीधरण तथा श्रीमती उषा मिश्रा द्वारा अपने विचार व्यक्त किये गये।

Violence Against Women & Children, Health & Nutrition, Gender & Employment, Children & Social Protection जैसे मुद्दों पर Mr. Flavia Agnes, Mr. Audrey D Mello, Dr. Satish Agnihotri(I.A.S rtd.) Ms. Indrani Majumdar एवंA n t r a Lahiri द्वारा अपने अनुभवों व विचारों को व्यक्त करते हुए बताया गया कि किस तरह महिलाओं और बच्चों के साथ हिंसक घटनाएं होती है, किस तरह महिलाओं और बच्चों का तस्करी किया जाता है, देश की महिलाएं व बच्चे जो पूर्ण पोषक आहार से वंचित है, उनका समाधान किस प्रकार हो सकता है, इसमें सरकार और समाज की क्या भूमिका होनी चाहिए इत्यादि बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया।

सेमिनार का समापन श्रम एवं नियोजन मंत्रालय के सचिव, श्री शंकर अग्रवाल, राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग की माननीय अध्यक्ष, श्रीमती स्तुती कक्कर एवं LBSNAA के निदेशक डॉ० राजीव कपूर व National Gender Centre, LBSNAA के कार्यपालक निदेशक,अस्वस्थी शिवदास द्वारा किया गया।

रये विधान, नई जिम्मेदारियाँ

भारतीय संविधान में उल्लेखित कुछ प्रावधानों एवं कुछ अन्य घटनाओं को छोड़कर बाल अधिकार एवं उससे जुड़े मुद्दे अस्सी के दशक के पहले कोई खास चर्चा में नहीं रहा। 1984 में पहली बार शीला वारसे के वाद में बाल अधिकार के मुद्दे भारत में प्रमुखता से सामने आये। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस वाद के सुनवाई के दौरान कई निदेश पारित किये गये। उसके बाद से बाल अधिकार एवं उससे संबंधित मुद्दों पर विभिन्न स्तर पर कार्य किये जाते रहे है, चाहे वह 1984 का किशोर न्याय अधिनियम हो या फिर 1989 संयुक्त राष्ट्र अधिवेशन की समहति के फलस्वरूप 2000 ई0 में बना (किशोर न्याय बालकों की देख–रख एवं संरक्षण) अधिनियम।

इसी क्रम में बच्चों के विभिन्न अधिकारों को प्रदत्त करने के लिए कई अधिनियमों को पारित किया गया यथा मुफ्त एवं अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम, बाल श्रम संबंधित अधिनियम, पोक्सो अधिनियम, बाल विवाह अधिनियम इत्यादि। इन अधिनियमों में अन्य बातों के अलावे एक बात की समानता रही और वह है अनुश्रवण की प्रक्रिया एवं क्षेत्राधिकार। लगभग सभी अधिनियमों में जहाँ भी बाल अधिकार की चर्चा होती है अनुश्रवण संबंधी अधिकार, बाल अधिकार से आयोग को ही दिया गया है, चाहे वह शिक्षा से जुड़ा हुआ हो या फिर बच्चों के लैंगिक शोषण से। यद्वपि समेकित रूप से बाल अधिकार संरक्षण आयोग 2005 में बाल अधिकार संरक्षण आयोगों के कार्यों एवं कर्त्तव्य तथा उनकी शक्तियों को विस्तृत रूप से बताया गया है, परन्तु इनके अलावे भी अलग–अलग अधिनियमों में अनुश्रवण तथा बाल अधिकार आयोग के जिम्मेदारियों को स्पष्ट रूप से चिन्हित किया गया है। 15 जनवरी 2016 तक किशोर न्याय अधिनियम के अन्तर्गत आयोग को इस संबंध में गृहों के सर्वेक्षण तथा जाँच को छोड़कर कोई विशेष अधिकार या जिम्मेदारी नहीं प्रदान किया गया लेकिन किशोर न्याय अधिनियम 2015 में अनुश्रवण की सारी जिम्मेदारी आयोग को दे दी गई है। आयोग से यह अपेक्षा की जाती है कि अन्य जिम्मेदारियों के साथ इस प्रमुख्य अधिनियम के प्रावधानों को पूर्ण में लागू करने में आयोग अपनी दक्षता का परिचय दे तथा बच्चों के हित में उन प्रावधानों को लागू करवाने में अपनी महती भूमिका का पालन करें। किशोर न्याय (बालकों की देख–रेख एवं संरक्षण) अधिनियम 2015 के प्रावधानों में खासतौर पर अनुश्रवण की जिम्मेदारियों का भार उल्लेखित है।

फाईनल

वित्तीय वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 से संबंधित आय–व्यय का ब्यौरा

वित्तीय वर्ष	प्राप्त आवंटन	पूर्व वर्ष की शेष राशि	कुल राशि	कुल व्यय	शेष राशि
2014–2015	1,80,00,000 / –	1,19,59,622 / –	2,99,59,622 / –	1,40,30,219 / –	1,59,29,403 / –
2015–2016	2,00,00,000 / –	1,59,29,403 / –	3,59,29,403 / –	1,59,37,660.20 / –	1,99,91,742.80 / –

सामाजिक कुरीतियाँ, बच्चे एवं आयोग की भूमिका

मानव व्यापार एक अभिशाप है और इसका उन्मूलन आवश्यक है। मानव व्यापार उन्मूलन दिवस 26 जून 2014 के अवसर पर महिला डेवलपमेन्ट सेन्टर एवं आहट के संयुक्त प्रयास से राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। ''द फ्रीडम फंड इंडिया प्रोग्राम'' के तहत आयोजित इस कार्यक्रम का प्रबंध जेनेवा ग्लोबल द्वारा किया गया।

लालबत्ती क्षेत्र के लोगों का प्राचीन काल से शोषण होता आ रहा है। यह पूरा समुदाय मानव व्यापार, सेक्स के लिए गुलामी, दासता, वेश्यावृत्ति जैसी कुरीतियों से जूझता आ रहा है। पीढ़ी दर पीढ़ी यह लालबत्ती समुदाय मानव व्यापार के चंगुल में फँसता चला जाता है। इन्हीं लालबत्ती समुदाय के लोगों को मानव व्यापार के चंगुल से छुड़ाने एवं उनके अधिकारों की पैरोकारी के उद्देश्य से इस राज्यस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बिहार के 12 लालबत्ती जिलों के प्रतिनिधियों, मीडिया, मानव व्यापार के विरूद्ध काम करने वाली स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, विभिन्न जिलों के बाल कल्याण समिति के सदस्यों, सरकारी प्रतिनिधियों, राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय स्तर पर बाल शोषण के विरूद्ध काम करने वाले नेटवर्क प्रतिनिधियों आदि ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती रीता पाणिकर, निदेशक बटरफ्लाइज ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती निशा झा, अध्यक्ष, बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में सुश्री डॉ० कुमारी ज्योत्सना, उपनिदेशक, नेहरू युवा केन्द्र संगठन ने भाग लिया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि श्रीमती निशा झा ने बच्चों के अधिकार पर और अधिक जागरूक एवं संवेदित होने की आवश्यकता पर बल दिया। श्रीमती निशा झा द्वारा आहट संगठन द्वारा किये जा रहे कार्यों को सराहा गया। साथ ही इस संगठन एवं समुदाय की पीड़िताओं का साथ देने की बात कही गयी। आयोग द्वारा लालबत्ती इलाकों में परवरिश योजना लागू करवाने एवं युवाओं को पोक्सो अधिनियम की जानकारी वृहत रूप से देने की बात कही गई। समाज की विभिन्न कुरीतियों को समाप्त करने के लिए युवाओं को आगे आने व उनकी मानसिकता में



बदलाव लाने की आवश्यकता जतायी गयी। उपस्थित आहट के सभी सदस्यों द्वारा श्रीमती निशा झा को संगठन का संरक्षक बनाया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्रीमती रीता पाणिकर, निदेशक, बटरफ्लाईज़ द्वारा की गयी। उनके द्वारा ब्यूरोक्रेट्स को इन मुद्दो पर संवेदित करने हेतु लगातार प्रयास करने की बात कही गयी। परिवर्तित समय में अपनी नीतियों को भी आवश्यकतानुसार बदलाव कर इस दिशा में बेहतर कार्य करने की बात कही गयी।

महिला डेवलपमेंट सेंटर के सचिव, श्री परमहंस प्रसाद सिंह द्वारा लालबत्ती समुदाय के लोगों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु महिला डेवलपमेंट सेंटर को पिछले दो दशको से प्रयासरत बताया गया। लालबत्ती क्षेत्रों में सरकार की योजनाएं क्रियान्वित नहीं है जिसके फलस्वरूप इस समुदाय के लोग समाज की मुख्य धारा से नहीं जुड़ पा रहे है। राज्य के ऐसे सभी इलाको में विशेष विकासात्मक योजनाओं के संचालन की आवश्यकता जतायी गयी ताकि इस समुदाय के लोग समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके। सभी उपस्थितों से इस समुदाय के लोगों के मानव अधिकार, महिला अधिकार, एवं बाल अधिकार की रक्षा के लिए संयुक्त प्रयास करने की बात रखी गयी।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लेने वाली सुश्री डॉ० कुमारी ज्योत्सना ने लालबत्ती क्षेत्रों के युवाओं के पुनर्निर्माण पर बल दिया। युवाओं को जागरूक एवं शिक्षित करने की आवश्यकता जतायी गयी। महिला डेवलपमेंट सेंटर की अध्यक्ष, श्रीमती रूही नाज ने लोगों का ध्यान चतुर्भुज स्थान की ओर आकृष्ट करते हुए बताया कि चतुर्भुज स्थान के बच्चे पढ़ाई में अच्छा कर रहे है। वे सरकारी एवं गैर सरकारी प्रतिष्ठत सेवाओं में है, मेडिकल एवं इंजीनियरिंग में पढ़ रहे है। यह महिला डेवलपमेन्ट सेंटर के एक छोटे प्रयास से ही संभव हो सका। ऐसे प्रयास की आवश्यकता सभी इलाको में है।

रेड एवं रेस्क्यू की चर्चा में यह बात सामने आयी कि छापेमारी में अंतर्राष्ट्रीय स्तर के मानव व्यापारी कभी भी पकड़ में नहीं आते, जबकि उनके गुर्गे स्थानीय समुदाय में सक्रिय रहते है और उनके माध्यम से ही पूरा कारोबार

संचालित होता है दोषियों की गिरफ्तारी बहुत कम होती है तथा बहुत कम ऐसी पीड़िताओं की रेस्क्यू की जाती है जिन्हें जबरदस्ती वैश्यावृत्ति में धकेला गया हो। अगर रेस्क्यू की भी जाती है तो उनका समाज में पुनर्वास नहीं हो पाता है।

लालबत्ती इलाको में बड़े पैमाने पर मानव अधिकारों के हन्न के मुद्दे पर विस्तृत चर्चा की गयी। मानव जाति में जन्म लेने के पश्चात् वे सारे अधिकार उन्हें मिलने चाहिए जो राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय रूप से कानून के रूप में पारित है। 10 दिसम्बर 1948 को युनाइटेड नेशन्स की आम सभा ने वैश्विक मानवाधिकार घोषित किया, जो भारत सहित दुनिया के सभी देशों में लागू है। ये मानव अधिकार समान्य रूप से सभी मानवों के स्वतंत्रता, उनके हित एवं सम्मान की रक्षा करता है। मानवधिकार का अर्थ उन अधिकारों से है जो किसी भी व्यक्ति के जीवन, स्वतंत्रता, समानता तथा रंग, नस्ल, जाति, धर्म अथवा संस्कृति के आधार पर इसमें भेदभाव नहीं किया जा सकता।

हमारे संविधान में एवं अतंराष्ट्रीय स्तर पर इतने कानून रहने के बाद भी इन लालबत्ती इलाके के लोगों को मानवाधिकार प्राप्त नहीं है। समाज इस समुदाय को मनोरंजन के स्त्रोत के रूप मात्र में ही देखता आया है।

लालबत्ती इलाको में बच्चे के जन्म से ही भेदभाव प्रारंभ हो जाता है। विद्यालय में उन्हें बच्चों के साथ खेलने, पढ़ने एवं घुलने–मिलने की आजादी नहीं होती। इसका विरोध करने पर माताओं एवं परिवार के अन्य सदस्यों को बोलने नहीं दिया जाता एवं उनकी बातों को अनसुना कर दिया जाता है। विद्यालय के अतिरिक्त समाज के अन्य सार्वजनिक स्थानों में भी उन्हें हेय की दृष्टि से देखा जाता है। आर्थिक अधिकारों के दृष्टिकोण से भी समुदाय के लोगों का शोषण किया जाता है। बड़े–बड़े मानव व्यापारी इन इलाकों में मनुष्यों की खरीद फरोख्त करते है और आर्थिक रूप से मजबूत होते जाते है।

महिला डेवलेपमेन्ट सेंटर का यह मानना है कि विकासात्मक प्रयास से ही इस समुदाय के लोगों को मुख्य धारा में लाया जा सकता है एवं इस कुरीति को समाप्त किया जा सकता है।

श्रीमती रीता पाणिकर, निदेशक बटरफ्लाइज़ द्वारा बताया गया कि साइवैक (SAIEVAC) South Asian Initiative to end Violence against Children सार्क देशों के संगठन की एपेक्स संस्था है जो बच्चों के शोषण एवं उत्पीड़न के विरूद्ध कार्यरत है। अफगानिस्तान, बंग्लादेश, भुटान, भारत, मालदीप, नेपाल, पाकिस्तान एवं श्रीलंका सार्क देशों में आते है। ये देश साइवैक के सदस्य देश भी हैं। साइवैक सरकारी तथा गैर सरकारी हितभागियों को एक साथ एकजुट करने का प्रयास कर रहा है, ताकि बच्चों के खिलाफ हो रहे शोषण एवं उत्पीड़न को रोका जा सके। यह संगठन मुख्यतः बच्चों से जुड़े समस्याओं बाल विवाह, लैंगिक शोषण, शारीरिक दण्ड, बाल व्यापार, बाल मजदुर के विरूद्ध कार्यरत है। समुदाय में बच्चों को अधिक जोखिम होता है और वे तस्करों के हत्थे चढ़ जाते है, बाल वैश्यावृत्ति की रोकथाम में कानून का पक्ष, सजा के प्रावधान आदि पर विस्तृत चर्चा की गयी।



नये विहान के रथ पर बाल अधिकार आयोग

किसी भी राष्ट्र की प्रगति का एक तय मापदंड वहाँ के बच्चे एवं महिलाओं की स्थिति मानी जाती है। अकसर बच्चे को देश का भविषय कहा जाता है बल्कि भारतीय संस्कृति में बच्चों में लोग ईश्वर का रूप भी देखते है। इसके साथ यह भी सत्य है कि भविष्य की रूप रेखा वहाँ का वर्तमान यह करती है तथा बच्चे के वर्तमान का दायित्व बाल अधिकार संरक्षण आयोग पर होता है। आयोग का यह दायित्व है बच्चों के संदर्भ में दी गई जिम्मेदारियों को पूर्णतः के साथ पालन करें जिससे की एक उन्नतशील एवं समर्द्ध राष्ट्र का निर्माण सम्भव हो सके। 2010 ई0 में अस्तित्व में आये बिहार बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने अपने स्थापना के काल से ही बच्चों के हित में उन्हें उनके अधिकारों को दिलाने हेतु एकजुटता के साथ कार्य किया है। बहुत कम समय में अपनी पहचान बनाने वाले इस आयोग ने न सिर्फ विभिन्न विभागों को निदेश देकर बल्कि उन्हें प्रात्साहित कर बच्चों के कार्य को प्रमुखता से करने के लिए प्रेरित किया है बल्कि समाज के विभिनन वर्गों के बीच बच्चों के अधिकार के विषय में उनकी प्रमुख भूमिका को रेखांकित करनेका प्रयास किया है।

चाहे शिक्षा का अधिकार या जीने का संरक्षण का अधिकार हो या फिर भागीदारी का फिर स्वास्थ्य का आयोग बच्चे से संबंधित उन सभी अधिकारों को प्रदत्त करने में अपनी भूमिका का निर्वाह किया है तथा उसके लिए संबंधित अधिकारियों एवंज न मानक को भी उद्वेरित करने का प्रयास किया है। निश्चित तौर पर आयोग के सदस्यों की भूमिका के साथ–साथ अध्यक्ष का दिशा–निदेश, सचिव का मार्गदर्शन, अधिकारियों एवं परामर्शी का सहयोग, उनकी दक्षता तथा विभिन्न सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थानों की सहभागिता आयोग के सफलता के मुख्य कार्य तत्व है। बदलते समय के परिवेश में आयोग बच्चों के हित में पूर्ण सफलता के साथ अपने दायित्वों के पालन कराने के मार्ग पर प्रशस्त रहेगा जिससे राज्य एवं राष्ट्र अधिक उन्नतशील समर्द्ध एवं सफल होकर विश्व के मानचित्र पर उभरेगा।